हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, बुधवार 29 जुलाई 2026

11 सड़क हादसों में कमी लाने के लिए सख्त कदम उठाने...



12 किसानों का विद्युत सदन में प्रदर्शन, चार घंटे दिया...



## खबर संक्षेप

### 10.55 ग्राम हेरोइन के साथ आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने एक आरोपी को 10 ग्राम 550 मिलीग्राम हेरोइन व एक स्कूटी सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पीरांवाली निवासी अनिल उर्फ बब्बू के रूप में हुई है। एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी सब इंस्पेक्टर इन्द्र सिंह गोदारा ने बताया कि उनकी टीम के सहायक उप निरीक्षक जगदीश कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ पीरांवाली स्कूल के पास गश्त पर थे। इसी दौरान मिली सूचना पर पीरांवाली में श्मशान घाट के पास आरोपी को स्कूटी सहित काबू कर लिया। तलाशी में उससे 10 ग्राम 550 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने उस पर केस दर्ज कर लिया है।

### 6.28 ग्राम हेरोइन के साथ एक दबोचा

**हिसार।** मोहल्ला डोगरान पुलिस चौकी टीम ने एक आरोपी को 6 ग्राम 28 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सैनियान मोहल्ला निवासी शम्मी उर्फ टिंडा के रूप में हुई है। पुलिस चौकी मोहल्ला डोगरान के एएसआई वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि उनकी टीम पुरानी सब्जी मंडी चौक क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान प्राप्त गुप्त सूचना पर सैनियान मोहल्ला क्षेत्र में एक युवक की तलाशी ली तो उससे 6 ग्राम 28 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### 12 किलो डोडा पोस्त सहित आरोपी पकड़ा

**हिसार।** सीआईए मिलगेट टीम ने एक व्यक्ति को आरोपी को 12 किलो 28 ग्राम डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान तलवंडी बादशाहपुर निवासी गजानंद के रूप में हुई है। सीआईए मिलगेट प्रभारी पीएसआई संजीव कुमार ने बताया कि उनके एएसआई विक्रांत अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान मिली सूचना पर पंचमुखी चौक के पास एक व्यक्ति को काबू किया। तलाशी के दौरान आरोपी व उसके पास मौजूद दो सफेद कट्टों से कुल 12 किलो 28 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ।

### व्यापारियों की समस्याओं पर सीएम को भेजा ज्ञापन

**हांसी।** हांसी व्यापार मंडल के प्रधान प्रवीण तायल ने सीएम नायब सिंह सैनी के नाम एक ज्ञापन भेजकर व्यापारियों से जुड़ी प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग की है। हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन राजेश ठकराल के माध्यम से प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि राज्य सरकार ने बजट भाषण में संपत्ति कर पर 100 प्रतिशत ब्याज माफी की घोषणा की थी, लेकिन शहरी निकाय विभाग ने इसकी अधिसूचना केवल 45 दिनों के लिए जारी की है। व्यापार मंडल का कहना है कि प्रदेश में अभी भी बड़ी संख्या में संपत्तियों से संबंधित त्रुटियां लंबित हैं, ऐसे में इतने कम समय में लोग इस योजना का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। इसलिए ब्याज माफी की अवधि छह माह तक बढ़ाई जाए।

# 25 मिनट में 37 एमएम बारिश

## उमस से राहत और किसानों के खिले चेहरे, निचले इलाकों में जलभराव से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार व आसपास के एरिया में मंगलवार की दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली और तेज बारिश शुरू हो गई। करीब 25 मिनट तक चली इस तेज बारिश से 37 मिलीमीटर पानी बरसा। बारिश का असर ऐसा रहा कि दिन का अधिकतम तापमान सुबह के न्यूनतम तापमान से भी नीचे चला गया, जिससे पिछले एक सप्ताह से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से लोगों को बड़ी राहत मिली है। शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। खासकर ऑटो मार्केट, नई सब्जी मंडी, मिलगेट रोड, सूर्य नगर, जवाहर नगर, कृष्णा नगर, जयदेव ढाणी, पटेल नगर, महावीर कॉलोनी, राजीव नगर, बडवाली ढाणी, मोहल्ला सैनियान, आजाद नगर, ऋषि नगर, न्यू ऋषि नगर, जगजीवन नगर, डोगरान मोहल्ला समेत कई रियाहशी क्षेत्रों में बरसाती पानी जमा हो गया। इसके चलते लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। उधर, मौसम वैज्ञानिकों ने अगले दो दिन तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है।

इस बारिश से सबसे ज्यादा खुशी कृषि क्षेत्र में देखने को मिली। पिछले कई दिनों से बारिश न होने के कारण धान, मक्का, बाजरा और ज्वार जैसी फसलें सूखने व मुरझाने लगी थीं। चिंतित किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे थे। मंगलवार को हुई यह बरसात फसलों के लिए अमृत के समान साबित हुई है, जिससे धरतीपुत्रों के चेहरे खिल उठे हैं।



### 36.8⁰ से 27.6⁰ पर पहुंचा अधिकतम पारा

हालांकि मंगलवार को अधिकतम तापमान 36.8 तथा न्यूनतम पारा 28.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लेकिन बारिश के बाद दोपहर ढाई बजे का अधिकतम तापमान न्यूनतम से भी नीचे 27.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। सुबह से ही तेज उमस के कारण लोग पसीने से तर-बतर थे। हालांकि बीते दिन शहर के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई थी, लेकिन अधिकांश इलाका सूखा रहने के कारण गर्मी से कोई राहत नहीं मिली थी। दोपहर को अचानक आसमान में घने काले बादल छा गए और दिन में ही रात जैसा अंधेरा हो गया। देखते ही देखते हल्की बूंदों ने तेज बारिश का रूप ले लिया और लोग बारिश का आनंद लेते नजर आए।

### अगले 2 दिन तेज बारिश का अलर्ट

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि 30 जुलाई तक हरियाणा राज्य के उत्तरी जिलों के ज्यादातर क्षेत्रों में मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना है। वहीं, पश्चिमी व दक्षिणी जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान कुछ स्थानों पर भारी बारिश की भी संभावना है। इस अवधि में बीच-बीच में हवाओं की दिशा बदलने से दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है, जबकि रात के तापमान में गिरावट आने की संभावना है।

## डीएचबीवीएन अलर्टः बारिश के दौरान विद्युत खतरे की सूचना 9050960500 पर दें

**हिसार।** मानसून के दौरान लगातार हो रही वर्षा को देखते हुए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) एवं उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने बिजली सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी फील्ड अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वर्षा के मौसम में विद्युत दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है, इसलिए संभावित खतरों की समय रहते पहचान कर उनका तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने कहा कि यदि कहीं भी टूटा हुआ बिजली का खंभा, झुकी या लटकती विद्युत लाइन, खुला बिजली का तार, क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर, करंट युक्त मीटर बॉक्स, अर्थ वायर, सपोर्ट वायर अथवा किसी भी प्रकार का विद्युत खतरा दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत निगम को दें, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना को समय रहते रोका जा सके। प्रबंध निदेशक ने बताया कि डीएचबीवीएन में कार्यकारी अभियंता को सुरक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कोई भी नागरिक संभावित विद्युत खतरे का फोटो, वीडियो, गूगल लोकेशन अथवा निकटतम लैंडमार्क सहित विवरण कार्यकारी अभियंता (सुरक्षा) के व्हाट्सएप नंबर 9050960500 पर भेज सकता है। सूचना प्राप्त होते ही संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मानसून के दौरान उपमंडल स्तर पर एसडीओ, कनिष्ठ अभियंता, फोरमैन, लाइनमैन तथा सहायक लाइन स्टाफ अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित सुरक्षा निरीक्षण करेंगे। प्रत्येक फीडर, ट्रांसफार्मर एवं अन्य विद्युत परिसंपत्तियों का समय-समय पर निरीक्षण कर संभावित कमियों को दूर किया जाएगा तथा सभी दोषों का जीपीएस लोकेशन सहित रिकॉर्ड भी संधारित किया जाएगा। बिजली उपभोक्ता अपनी शिकायतें टोल-फ्री नंबर 1912 अथवा 1800-180-4334 पर भी दर्ज करा सकते हैं।

# स्कूल के माली से लूटपाट के 4 दोषियों को तीन-तीन साल कैद

***अदालत ने दोषियों पर 10-10 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिला एवं सत्र न्यायाधीश अलका मलिक की अदालत ने नारनौंद क्षेत्र में सरकारी स्कूल के एक माली से लूटपाट और मारपीट के सात साल पुराने मामले में चार आरोपियों को दोषी करार दिया है। दोषी करार दिए गए अभिनाश, संजीव, अरुण और अजय उर्फ सोनू को अदालत ने तीन-तीन साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने चारों पर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पुलिस के अनुसार नारनौंद थाना पुलिस ने वर्ष 2019 में गुराना निवासी महाबीर सिंह की शिकायत पर यह केस दर्ज किया था। महाबीर सिंह सरकारी स्कूल डाटा में माली के पद पर कार्यरत है। शिकायत में महाबीर सिंह ने बताया था कि 23 जून 2019 की रात करीब 9:30 बजे वह अपनी ननिहाल से बाइक पर गांव लौट रहे थे। उन्होंने शराब पी रखी थी और सामने से आ रही तेज रोशनी के कारण वह रास्ता भटक गया। वह खेड़ी चौपटा से जींद की ओर निकल गया। जब वह किन्नर बस स्टैंड से करीब चार-पांच किलोमीटर आगे जींद-बरवाला रोड पर मिर्चपुर की तरफ पहुंचा, तो सड़क किनारे खड़ी एक सफेद कार से चार युवक बाहर निकले। आरोप है कि इन चारों युवकों ने महाबीर सिंह की बाइक रुकवाकर उनके साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपियों ने उसकी बाइक, आईटेल कंपनी का मोबाइल फोन और पर्स लूट लिया। पर्स में 40 रुपए, बाइक की आरसी, आधार कार्ड और पैन कार्ड मौजूद थे। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर मिर्चपुर पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई सुरेश कुमार अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने महाबीर सिंह की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। सरकारी वकील सुनील परुथी ने बताया कि लूट के इसी मामले में अदालत ने मंगलवार को चारों आरोपियों को दोषी मानते हुए तीन-तीन साल की कैद और जुर्माने की सजा सुनाई।

# प्रतिबंधित स्थान पर कचरा फेंका, ट्रक जब्त; 10 हजार का चालान भी किया

**हांसी।** शहर में अवैध कचरा डंपिंग के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नगर परिषद ने मंगलवार को दिल्ली पुल के पास बड़ी कार्रवाई करते हुए सब्जी मंडी का कचरा फेंक रहे एक ट्रक को रंगे हाथों पकड़ लिया। एडीसी लक्षित सरीन की मौजूदगी में ट्रक को जब्त कर 10 हजार रुपये का चालान किया गया। साथ ही ट्रक चालक के बयान के आधार पर संबंधित दुकानदार को मौके पर बुलाकर भविष्य में ऐसी लापरवाही नहीं करने की सख्त चेतावनी दी गई। नगर परिषद की टीम को सूचना मिली थी कि दिल्ली पुल के समीप प्रतिबंधित स्थान पर एक ट्रक चालक द्वारा कचरा डंप किया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान ट्रक में सब्जी मंडी से निकला गीला कचरा, जिसमें केले के छिलके सहित अन्य जैविक अपशिष्ट भरा हुआ था। पूछताछ में चालक ने बताया कि वह संबंधित दुकानदार के निर्देश पर यहां कचरा डालने आया था। इसके बाद नगर परिषद ने तुरंत कार्रवाई करते हुए वाहन जब्त कर चालान किया और सब्जी मंडी के सचिव व संबंधित दुकानदार को भी मौके पर बुलाया।



# नहरों में पानी व बिजली लाइन के मुआवजे के लिए किसानों ने फूंका सीएम का पुतला

## मंत्री श्रुति चौधरी से मीटिंग के आश्वासन पर माने, धरना स्थगित

**हिसार।** जिले की नहरों में दो सप्ताह पूरा पानी की मांग पर चल रहा धरना किसान कमेटी और प्रशासन की बातचीत के बाद स्थगित हो गया। प्रशासन ने किसानों को मंत्री श्रुति चौधरी के साथ जल्द मीटिंग करवाने का आश्वासन दिया जिसे किसानों ने मान लिया। अपनी मांगों को लेकर किसानों ने मंगलवार को लघु सचिवालय के आगे सीएम नायब सैनी का सांकेतिक पुतला फूंका। बारिश की कमी और नहरी पानी की कमी से सूख रही फसलों को बचाने के लिए पानी की मांग पर पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति व संयुक्त जल संघर्ष समिति के नेतृत्व में जिले के किसान बीते दो दिन से लघु सचिवालय के आगे धरना दे रहे थे। डीसी की अनुपस्थिति में मंगलवार को किसानों की 12 सदस्यीय कमेटी की एडीसी, एसडीएम व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में किसानों की तरफ से मुख्य सात मांगें रखी गई जिनको प्रशासन ने पूरा करवाने की सहमति दे दी। इसके बाद किसानों ने अपना धरना समाप्त कर लिया।

### प्रशासन को एक सप्ताह का दिया अल्टीमेटम



नहरों में दो सप्ताह पानी, टेल तक पूरा पानी, बरवाला ब्रांच की क्षमता बढ़ाने पर प्रशासन ने किसानों ने कहा कि ये काम सरकार और मंत्री लेवल का है। इस बारे में जल्द ही सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी से टाइम लेकर किसानों की मीटिंग करवा दी जाएगी। खेतों में बिजली की हाइटेंशन लाइन के बारे में प्रशासन का कहना है कि किसानों को उचित मुआवजा दिए बगैर टावर लगाने का काम शुरू नहीं होगा। इसके इलावा घग्घर ड्रेन को कई पॉइंट पर पक्का करने व क्षमता बढ़ाने का काम जल्द शुरू करवा दिए जाएगा। खाद ब्लैक में बेचने वालों के लाइसेंस होंगे कैंसिल, खराब फसल का मुआवजा मिलेगा। किसानों ने मीटिंग में यूरिया, डीएपी की कमी व ब्लैक का मुद्दा उठाया जिस पर प्रशासन ने उन डीलर का लाइसेंस तुरंत कैंसिल करने का भरोसा दिया। नहरी पानी की मांग पर प्रशासन ने जल्द सिंचाई मंत्री से मीटिंग का भरोसा दिया है। इस पर किसानों का कहना है कि एक सप्ताह इंतजार किया जाएगा। अगर प्रशासन की तरफ से कोई सकारात्मक जवाब नहीं आया तो हजारों को संख्या में किसान पैदल चलकर भिवानी जाएंगे और मंत्री श्रुति चौधरी के घर के आगे धरना शुरू करेंगे।




**प्रोजेक्ट** गुजवि की वैज्ञानिक को मिला 32 लाख का बड़ा शोध अनुदान

# शैवाल तकनीक से होगा वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सिविल एवं पर्यावरण अभियांत्रिकी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. अनीता सिंह किरडोलिया को हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद से 32 लाख का प्रतिष्ठित शोध अनुदान प्राप्त हुआ है। यह अनुदान हरियाणा सरकार की 'विकसित भारत अभियान' के तहत स्थापित हरियाणा राज्य अनुसंधान कोष से दो वर्षीय शोध परियोजना के लिए स्वीकृत किया गया है। डॉ. अनीता सिंह किरडोलिया 'हार्नेसिंग इंडीजैनस एल्गल स्ट्रेन्स फॉर वेस्टवाटर रेमेडीएशन एंड क्लाइमेट-रेजिलिएंट बायोरिसोर्स डेवलपमेंट इन हरियाणा' विषय पर शोध करेंगी।



### जल संकट से निपटने में मदद मिलेगी

इस परियोजना का उद्देश्य हरियाणा की देशी शैवाल (काई) प्रजातियों का उपयोग कर अपशिष्ट जल (वेस्टवाटर) के शोधन की एक पर्यावरण-अनुकूल, रसायन-मुक्त और टिकाऊ तकनीक विकसित करना और इसे प्रयोगशाला तक सीमित न रखकर पायलट स्तर पर विकसित करना है, ताकि इसे वास्तविक परिस्थितियों में भी लागू किया जा सके। इस तकनीक से शोधित जल का उपयोग कृषि, सिंचाई और उद्योगों में दोबारा किया जा सकेगा, जिससे भूजल दोहन कम होगा और जल संकट से निपटने में मदद मिलेगी। परियोजना के तहत तैयार होने वाले शैवाल बायोमास का उपयोग जैविक खाद, जैव-ईंधन और अन्य मूल्यवान जैव-उत्पादों के निर्माण में किया जाएगा। साथ ही शैवाल वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित कर कार्बन उत्सर्जन कम करने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को घटाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### अपशिष्ट जल का सुरक्षित निस्तारण बड़ी चुनौती बना : डॉ. किरडोलिया

डॉ. अनीता सिंह किरडोलिया ने बताया कि हरियाणा में तेजी से बढ़ते शहरीकरण, औद्योगीकरण और कृषि गतिविधियों के कारण अपशिष्ट जल का सुरक्षित निस्तारण बड़ी चुनौती बन गया है। शहरों और उद्योगों से निकलने वाले अपशिष्ट जल में नाइट्रोजन, फास्फोरस, विषैले रसायन और भारी धातुएं प्राकृतिक जल स्रोतों को प्रदूषित कर रही हैं। वहीं, वर्तमान रासायनिक जल-शोधन तकनीकें महंगी, ऊर्जा-गहन और द्वितीयक प्रदूषण पैदा करने वाली हैं। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित शोध के तहत हरियाणा की स्थानीय शैवाल प्रजातियों का पृथक्करण और संवर्धन किया जाएगा। इन शैवालों में अपशिष्ट जल में मौजूद प्रदूषकों और अतिरिक्त पोषक तत्वों को प्राकृतिक रूप से अवशोषित कर जल को शुद्ध करने की क्षमता होती है। यह पूरी प्रक्रिया रसायनों के बजाय सूक्ष्मजीवों की प्राकृतिक जैविक क्रियाओं पर आधारित होगी, जिससे पर्यावरण पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।



# दिवाली से पहले आएगा लव एंड वॉर का फर्स्ट लुक

**नई दिल्ली।** संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर इस वक्त सबसे बड़ी और सबसे ज्यादा इंतजार की जा रही फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 21 जनवरी 2027, यानी रिपब्लिक डे वीकेंड पर दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। भंसाली के शानदार स्टोरीटेलिंग स्टाइल और भव्य विजुअल्स से सजी यह फिल्म दर्शकों को बड़े पर्दे पर एक शानदार और इमोशनल अनुभव देने वाली है। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी। इसी बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है। फिलहाल फर्स्ट लुक पर काम चल रहा है और उम्मीद है कि इसे दिवाली 2026 से पहले रिलीज कर दिया जाएगा।

लाइफ Style

# निहारिका

## इंटीमेट सीन के चक्कर में हाथ से गई फिल्म

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निहारिका एनएम फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' से बॉलीवुड डेब्यू करने को तैयार हैं। इस बीच उन्होंने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। कंटेंट क्रिएटर के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाली निहारिका एनएम ने साल 2023 में अमेरिकी सिटकॉम 'बिग माउथ सीजन 7' में गेस्ट वॉइस रोल के साथ अपने करियर को ग्लोबल लेवल पर पहुंचाया।

एक्टिंग सफर की शुरुआत पिछले साल तमिल फिल्म 'पेरुसु' से हुई थी। इसके बाद उन्होंने मित्रा मंडली और इधयम मुरली में भी काम किया। अब वे बॉलीवुड में डेब्यू करने की तैयारी कर रही हैं। निहारिका एनएम फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' से हिंदी फिल्मों में बोहनी कर रही हैं। वे राघव जुयाल के साथ स्क्रीन साझा करती दिखेंगी। इस बीच अभिनेत्री ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उनका कहना है कि इंटीमेसी क्लॉज की वजह से उन्हें एक फिल्म से हाथ धोने पड़े थे। वे बोल्ड सीन करने के तैयार नहीं थीं। एक घटना को याद करते हुए वे बताती हैं, 'एक फिल्म मुझे करनी थी। इसे एक बहुत बड़े डायरेक्टर बना रहे थे। उन्होंने मुझे खुद चुना था। मैंने उस रोल के लिए ऑडिशन दिया था और लुक टेस्ट भी हो गया था'। निहारिका ने आगे कहा, 'मेरे घर पर कॉन्ट्रैक्ट भेजा गया था और मैंने उस पर साइन कर दिया। उसमें इंटीमेट सीन से जुड़ी एक शर्त थी और मैंने उन्हें बता दिया था कि मैं ऑन-स्क्रीन इंटीमेसी करने में सहज नहीं हूं। वे इसके लिए तैयार थे और बॉडी डबल का इस्तेमाल करने की योजना बना रहे थे। लेकिन, एक्टर बॉडी डबल के साथ वह सीन करने के लिए तैयार नहीं थे।



## हॉलीवुड मसाला




# स्पाइडर-मैन ... से किसिंग सीन हटे

**मुंबई।** फिल्म 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' 31 जुलाई को रिलीज होने जा रही है। भारत में भी फिल्म रिलीज होगी। सेंसर बोर्ड ने तीन बदलावों के निर्देश के बाद भारत में 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' की रिलीज को मंजूरी दे दी है। इन बदलावों के बावजूद फिल्म की पीटर पार्कर वाली डार्क कहानी और एक्शन सीन वैसे ही रहेंगे। बता दें कि 'स्पाइडर-मैन-ब्रांड न्यू डे' भारतीय सिनेमाघरों में इस गुरुवार को रिलीज होगी। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने इसे यूए 13+ सर्टिफिकेट के साथ रिलीज करने की मंजूरी दे दी है।



# एवेंजर्स डूम्सडे का ट्रेलर कल होगा रिलीज...

**नई दिल्ली।** एवेंजर्स डूम्सडे फिल्म का बजट 4500 करोड़ रुपए है। इसमें ऐसे 23 सुपरहीरो हैं जो दुनिया के सबसे खतरनाक विलेन से टकराने जा रहे हैं। 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर विशेष रूप से 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' के साथ दिखाया जाएगा, जो 30 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ट्रेलर फिल्म के सभी भाषा संस्करणों के साथ दिखाया जाएगा, जिससे दर्शकों और इस भव्य सुपरहीरो फिल्म के प्रशंसकों को एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव मिलेगा। मार्वल स्टूडियो की 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का निर्देशन एंथनी रूसो और जो रूसो ने किया है।फिल्म का निर्माण केविन फेग, लुई डी'एस्पोसिटो और जोनाथन श्वाट्र्ज ने किया है।फिल्म में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, क्रिस इवांस, क्रिस हेम्सवर्थ, पेड्रो पास्कल, पॉल रुड, एंथनी मैकी, फ्लोरेंस प्यू, वनेसा किर्बी, एबन मॉस-बाकरैक आदि नजर आएंगे।



# मॉम-2 में खुशी निभाएंगी लीड रोल...

**मुंबई।** महान अभिनेत्री श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम' 2017 में आई थी, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। अब करीब 9 साल बाद इसका सीक्वल बनने जा रहा है, जिसको लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। खुशी कपूर अब फिल्म 'मॉम 2' में लीड रोल निभाने जा रही हैं। यह 2017 की हिट फिल्म मॉम का सीक्वल है और इसे नवंबर 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी है। इस फिल्म को उनके पिता बोनी कपूर प्रोड्यूस कर रहे हैं, और इसकी शूटिंग नोएडा और ग्रीस में हुई है। 'मॉम 2' का कनेक्शन श्रीदेवी के उस यादगार किरदार से जुड़ा होगा, जिसने उन्हें खास पहचान दिलाई थी। 'मॉम' श्रीदेवी की आखिरी फिल्म थी, ऐसे में यह प्रोजेक्ट खुशी कपूर के लिए काफी इमोशनल और खास माना जा रहा है, क्योंकि वह अपनी मां की विरासत को आगे बढ़ाती नजर आएंगी।



# बंटवारा 1947 का ट्रेलर है दमदार

**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस की फिल्म 'बंटवारा 1947' में सनी देओल लीड रोल में हैं। सोमवार को इस फिल्म का ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज किया है। यह फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के ट्रेलर में 1947 के बंटवारे का समय दिखाया गया है। इसमें एक परिवार की कहानी है, जिसकी जिंदगी बंटवारे की हिंसा, डर और जबरन पलायन की वजह से बदल जाती है। जो लोग कभी साथ रहते थे, वो अब बंटवारे के कारण बिछड़ गए हैं। इसी बीच सनी ट्रेलर में एक ऐसे शख्स के किरदार में नजर आते हैं, जो किसी भी हाल में अपने जमीर से समझौता नहीं करता है। वहीं, शबाना आजमी एक बुजुर्ग महिला के रोल में हैं, जो इंसानियत पर सबका भरोसा बनाए रखती हैं। प्रीति जिंटा भी ट्रेलर में नजर आती हैं, वह बंटवारे के मुश्किल दौर का सामना मजबूती से करती नजर आती हैं।

## टीवी मसाला



# एल्विश-तेजस्वी व आरुष संभालेंगे प्लेग्राउंड सीजन-5 का कमान

**नई दिल्ली।** गेमिंग रियलिटी शो 'प्लेग्राउंड सीजन 5' अपने अब तक के सबसे बड़े और खास फॉर्मेट के साथ वापसी के लिए तैयार है, जिसमें तीन मेंटर्स का एक पैनल शामिल होगा। दो बार के चैंपियन एल्विश यादव 'केओ क्रैकेंस' की कमान संभालेंगे, जबकि तेजस्वी प्रकाश 'रेजिंग सेंटॉर्स' की मेंटर के तौर पर डेब्यू करेंगी। उनके साथ आरुष भोला भी होंगे, जो 'पावर फीनिक्स' की जिम्मेदारी संभालेंगे। छह हफ्ते तक चलने वाले इस सीजन 5 में तीन टीमें जबर्दस्त मुकाबला करेंगी, ताकि आखिर में सिर्फ एक 'मास्टरमाइंड' विजेता बन सके। शो 'प्लेग्राउंड सीजन 5' का ट्रेलर सोमवार का जारी हो चुका है। 'प्लेग्राउंड सीजन 5' का प्रीमियर 1 अगस्त को होगा। यह प्राइम वीडियो की तरफ से एमएक्स प्लेयर पर खास तौर से मुफ्त में स्ट्रीम किया जाएगा। ट्रेलर की शुरुआत में सभी मेंटॉर अपनी-अपनी दुनिया में खोए हुए दिखते हैं। तभी अचानक उनके आस-पास की असलियत में गड़बड़ी होने लगती है। एक-एक करके उन्हें एहसास होता है कि उन्हें मेंटॉर के तौर पर लॉक कर दिया गया है। सीधे असल जिंदगी वाले गेमिंग की दुनिया में खींच लिया गया है, जहां उन्हें एक-दूसरे का मुकाबला करना है। इस कॉम्पिटिशन में धीरे-धीरे ढलने का कोई समय नहीं है। मेंटॉर को हालात के हिसाब से खुद को ढालना होगा। अपग्रेड करना होगा और अपना दबदबा बनाना होगा, क्योंकि इस गेम में सब कुछ एक पल में खत्म हो सकता है।

## मैं अपने घर की डोर मैट थी : शिल्पा

**नई दिल्ली।** शिल्पा शिंदे ने 'लॉकअप 2' हालिया एपिसोड में दूसरे प्रतियोगियों के सामने अपने बिगड़ चुके पारिवारिक रिश्तों का जिक्र किया। एक्ट्रेस ने बताया कि जब उनकी कंधे की सर्जरी हुई तो उन्हें उनके ही घर से निकाल दिया गया था। शिल्पा शिंदे 'लॉकअप 2' में कहती हैं, 'हर्षद चोपड़ा आपको मैंने पहले चेताया था कि लोग आपका इस्तेमाल करते हैं। डोर मैट की तरह इस्तेमाल करते हैं। मैं भी अपने घर की डोर मैट थी। कुछ साल पहले मेरे कंधे की सर्जरी हुई थी। सर्जरी के पांच दिन बाद मुझे मेरे ही घर से निकाल दिया गया था। आपको लगेगा कि क्या मेरे परिवार वाले इतने बुरे हैं। तो देखिए, मेरे लिए ऐसी सिचुएशन बना दी गई थी। उन्हें पता था कि मैं सेल्फ रेस्पेक्ट वाली लड़की हूं। इसलिए मैं अपना घर छोड़ दिया। दरअसल, मेरा भाई अपनी वाइफ के इंफ्लुएंस में आ गया था और मेरी मां भाई की बातों को मानती थीं।' कुछ हफ्ते पहले योगेश रावत शो से बाहर हुए थे। अब सूफी मोतीवाला और धीरज कपूर भी शो से बाहर हो चुके हैं।



# सावन की दस्तक से पहले 'मैं दीवानी महाकाल की' गाना रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अदाकारा अक्षरा सिंह अपनी गायिकी के लिए भी मशहूर हैं। सावन की दस्तक से पहले उन्होंने महादेव को समर्पित भक्ति सॉन्ग रिलीज किया है। भोजपुरी इंडस्ट्री की क्वीन अक्षरा सिंह अब बॉलीवुड में पहचान बना चुकी हैं। उन्हें अक्षय कुमार के साथ 'वेलकम टू द जंगल' के एक गाने में देखा गया था। इसके अलावा उन्हें श्रद्धा कपूर की आगामी फिल्म 'ईठा' में देखा जाएगा। इस बीच अक्षरा अपने नए गाने को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। सावन का महीना शुरू होने वाला है। कोई भी त्योहार हो, भोजपुरी इंडस्ट्री में नए गानों की खूब बहार आती है। खेसारी लाल यादव से लेकर अक्षरा सिंह, पवन सिंह तक कई सितारे सावन के महीने में नए गाने लेकर आते हैं। अक्षरा सिंह ने यह सिलसिला शुरू कर दिया। उनका गाना 'मैं दीवानी महाकाल' की सोमवार को रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह अदाकारी के साथ-साथ सिंगिंग में भी माहिर हैं। अब उन्होंने अपने फैंस को नए गाने का तोहफा दिया है। यह भक्ति सॉन्ग अक्षरा सिंह के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। अक्षरा सिंह गाने में महादेव की भक्ति के रंग में रंगी दिख रही हैं। आर्मी प्रिंट आउटफिट में वे बुलेट पर सवार होकर जा रही हैं। रुद्रास की माला धारण कर वे यह गाना गुनगुना रही हैं। इसके बाद शिवलिंग के आगे बैठकर पूजा करती हैं और फिर कुछ साधु-संतों से मिलकर आशीर्वाद लेती हैं। बता दें कि अक्षरा सिंह महादेव की भक्त हैं। अक्सर वे काशी विश्वनाथ दर्शन करने जाती हैं। इस गाने की रिलीज से पहले अभिनेत्री अपनी मां के साथ उज्जैन महाकाल के दर्शन करने पहुंची थीं। अक्षरा के गाने पर फैंस की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है। यूजर्स ने लिखा है, 'हम बहुत दिनों से आपके गाने का इंतजार कर रहे थे'।



# अजीब हिंदी फिल्मों में गिनी जाती है नीचा नगर, बनाया था ऐसा रिकॉर्ड जो आज तक कोई नहीं तोड़ पाया

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा की ऑडियंस आज ज्यादा से ज्यादा ऑथेन्टिक और ऑरिजनल फिल्मों की डिमांड कर रही है। हालांकि, बीच में एक लंबे वक्त तक सिर्फ एक ही नपे-तुले ढर्रे पर बनाई गई फिल्मों को ही लोगों ने प्यार दिया है। हालांकि, बात अगर 70-80 के दशक की करें तो उन दिनों बॉलीवुड डायरेक्टर्स ज्यादा से ज्यादा क्रिएटिव होने की कोशिश कर रहे थे। आज हम आपको ऐसी ही एक बहुत यूनिक फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं। आज अगर इस तरह की फिल्म बनाई जाए, तो ज्यादा संभावना इस बात की है, कि यह बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट जाएगी, लेकिन उन दिनों इस फिल्म ने कामयाबी के झंडे गाढ़ दिए थे। बल्कि, सच तो यह है कि अगर आपने गलती से कभी इस फिल्म की क्लिप्स रील्स में देखी होंगी तो शायद कोई क्रिंज पिक्चर समझकर आगे बढ़ गए होंगे। ज्यादातर लोग अभी भी इसे बहुत अजीब फिल्म समझते हैं, वजह है इसका बहुत अलग होना।



### 1946 में कर दिया ऐसा कमाल

जितनी दिलचस्प इस फिल्म की कहानी है, उससे कहीं ज्यादा दिलचस्प है इसे बनाने वाले डायरेक्टर की कहानी। इस फिल्म के डायरेक्टर चेतन आनंद थे, जिन्हें आज भी ज्यादातर लोग देव आनंद का भाई समझते हैं। हालांकि, उनकी अपनी अलग पहचान थी और कम लोग जानते हैं कि चेतन भारतीय सिनेमा की पहचान माने जाने वाले सत्यजीत रे की प्रेरणा थे। दरअसल, चेतन ने साल 1946 में अपनी फिल्म 'नीचा नगर' के जरिए वो करिश्मा कर दिखाया था, जो आज भी कोई दूसरी हिंदी फिल्म नहीं कर पाई है। चेतन की इस फिल्म ने कान फिल्म फेस्टिवल में ग्रांड प्राइज जीता था।

### फिल्म जिसमें हर कोई कविता में करता है बात

उनकी इसी उपलब्धि के बाद सत्यजीत रे ने उन्हें लेटर लिखा कि आपकी वजह से मुझे फिल्म बनाने की हिम्मत मिली है। इतनी बड़ी कामयाबी के बाद चेतन आनंद ने एक और मील का पत्थर रखने का फैसला किया था। उन्होंने 1970 में तय किया कि वह एक ऐसी फिल्म बनाएंगे, जिसका हर डायलॉग किसी कविता की तरह होगा। इस फिल्म में कोई हल्की-फुल्की स्टार कास्ट नहीं थी। राज कुमार, पृथ्वीराज कपूर और प्राण जैसे कमाल के एक्टर्स को कास्ट करके उन्होंने एक ऐसी फिल्म बना डाली, जिसमें हर कोई कविताओं में बात करता नजर आता है।

## हॉलीवुड स्टार्स के बाद किया था लक्स का ऐड

# 16 साल में हुई शादी, बनीं हिंदी सिनेमा की पहली ग्रेजुएट एक्ट्रेस

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड ने कई अभिनेत्रियों ने अपने अभिनय और अपनी कलाकारी से अपना बड़ा नाम बनाया है। लेकिन, आज हम जिस एक्ट्रेस की बात कर रहे हैं, वो अपने समय में एक मिसाल थी और उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए नए रास्ते बनाए। उन्हें हिंदी फिल्म जगत की पहले ग्रेजुएट एक्ट्रेस कहा जाता है। उन्होंने उस पॉपुलर ब्यूटी सोप का ऐड किया, जो उनसे पहले केवल हॉलीवुड की सुंदरियां ही करती थीं। प्रोफेशनल फ्रंट पर सफलता के बावजूद उनका निजी जीवन काफी संघर्षों से भरा रहा।*



### कौन हैं वो एक्ट्रेस?

हम बात कर रहे हैं बीते जमाने की मशहूर अभिनेत्री लीला चिटनिस की। लीला चिटनिस ने बॉलीवुड में 1930 से 1980 के दशक तक काम किया। उनका जन्म 1909 में हुआ था। ये उन चुनिंदा महिला अभिनेताओं में से थीं जो ग्रेजुएट (आर्ट्स में बैचलर) थीं। वह पहली फीमेल एक्टर थीं, जो ग्रेजुएट थी। उनके पिता इंग्लिश लिटरेचर के प्रोफेसर थे। उन्होंने लीला की शादी 16 साल की उम्र में ही तय कर दी थी।

### शादीशुदा जिंदगी

लीला चिटनिस ने गजानन यशवंत चिटनिस से शादी की, जो एक डॉक्टर थे और उसी ब्रह्म समाज समुदाय से थे, जिससे उनका परिवार जुड़ा था। शादी के बाद उनके चार बेटे हुए। उनकी राजनीतिक सोच भी एक जैसी थी। उन्होंने एक बार मशहूर मार्क्सवादी स्वतंत्रता सेनानी एम.एन. रॉय को अपने घर में पनाह दी थी और ब्रिटिश राज के खिलाफ भारत की आजादी की लड़ाई में अपना योगदान दिया था।

### शराब पीने वाले पति से हो गईं अलग

हालांकि, शादी सफल न हो पाने के कारण आखिरकार वह अपने शराब पीने वाले पति से अलग हो गईं। वापस लौटने पर, उन्हें अकेले ही अपने चार छोटे बेटों की परवरिश करने की मुश्किल चुनौती का सामना करना पड़ा। उस समय ग्रेजुएट होने वाली चुनिंदा महिलाओं में से एक होने के नाते, उन्होंने एक स्कूल में पढ़ाना शुरू किया। हालांकि, प्रोग्रेसिव मराठी ग्रुप 'नाट्यमन्वंतर' के साथ थिएटर की ट्रेनिंग लेने के कारण, उन्हें एक्टिंग में ही अपना असली मकसद मिला।

### फिल्मों में शुरुआती संघर्ष

हिंदी सिनेमा में लीला चिटनिस का सफर आसान नहीं था। 'जेंटलमैन डाकू' (1937) में ब्रेक मिलने से पहले उन्होंने कई फिल्मों में एक्स्ट्रा (सहायक कलाकार) के तौर पर काम किया। इस फिल्म में उन्होंने पुरुष के वेश में एक्शन सीन भी किए थे। 1939 में 'कंगन' की बॉक्स ऑफिस सफलता के साथ ही उन्होंने आखिरकार एक लीड एक्ट्रेस के तौर पर अपनी जगह बनाई। फिल्म में उन्होंने एक हिंदू पुजारी की बेटी का किरदार निभाया, जो अपने पिता की मर्जी के खिलाफ जाकर एक स्थानीय जमींदार के बेटे से प्यार करने लगती है।

### कंगन को मिली जबरदस्त कामयाबी

बॉम्बे टॉकीज, वह मशहूर प्रोडक्शन हाउस जिसने इस फिल्म को सपोर्ट किया था, समाज की स्थापित मान्यताओं को चुनौती देने वाली फिल्में चुनने की वजह से मुश्किल दौर से गुजर रहा था। 'कंगन' फिल्म की जबरदस्त कामयाबी के बाद, लीला ने उस दौर की मशहूर अभिनेत्री देविका रानी की जगह ले ली। लीला चिटनिस ने बॉम्बे टॉकीज के एक और बड़े कलाकार अशोक कुमार के साथ कई यादगार फिल्मों में काम किया, जिनमें एन.आर. आचार्य की बंधन और आजाद (1940) और ज्ञान मुखर्जी की झूला (1941) शामिल है।

## खबर संक्षेप

### गांव गढ़ी में जिला स्तरीय वन महोत्सव कल

**हांसी।** वन विभाग द्वारा 30 जुलाई को प्रातः 10 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 77वें जिला स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। वन मंडल अधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के साथ प्रशासनिक अधिकारियों एवं अन्य गणमान्य अतिथि भाग लेंगे। वन महोत्सव के दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं अधिकाधिक पौधरोपण के प्रति जन-जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। इस संबंध में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को जारी किए गए हैं।

### युवाओं से माय भारत पोर्टल से जुड़ने की अपील

**हिसार।** जिले के युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से उपायुक्त महेंद्र पाल ने अधिक से अधिक युवाओं से माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की यह महत्वाकांक्षी पहल युवाओं को नेतृत्व विकास, कौशल संवर्धन, स्वयंसेवा और विभिन्न राष्ट्रीय गतिविधियों से जोड़ने का प्रभावी मंच प्रदान करती है। उपायुक्त ने बताया कि 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के सभी युवा माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों, अनुभवात्मक अधिगम, स्वयंसेवी अभियानों तथा सामुदायिक गतिविधियों में भाग ले सकते हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता बढ़ाने और नए कौशल सीखने का अवसर मिलता है।

### हर सोमवार व शिव रात्रि पर सजेगा शिवालय

**हिसार।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सनातन धर्म हनुमान मंदिर, नागोरी गेट में शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। भूतभावन भगवान भोलेनाथ को समर्पित पवित्र श्रावण माह 30 जुलाई से आरम्भ हो रहा है। मंदिर ट्रस्ट के प्रधान कैलाश चंद्र चौधरी एडवोकेट ने बताया कि सनातन धर्म हनुमान मंदिर में पूरे श्रावण माह प्रतिदिन सायं काल की गोधूलि बेला में (लगभग 40 मिनट का) 5:45 बजे से भगवान शिव शंकर के शिव महिम्न पाठ में स्त्रोतों के गायन का कार्यक्रम मंदिर के विद्वान ब्राह्मणों की वाणी में रहेगा। इस माह के प्रत्येक सोमवार व शिवरात्रि के दिन प्राचीन शिवालय के शिवलिंग का भगवान के विभिन्न स्वरूपों में भव्य एवं दिव्य श्रृंगार किया जाएगा।

### सीआर वॉरियर एसआर फ्रेंडशिप कप विजेता

**हिसार।** एसआर क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित एसआर फ्रेंडशिप कप 2026 का रोमांचक फाइनल मुकाबला यूनिटी स्ट्राइकर्स और सीआर वॉरियर के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल, अनुशासन और खेल भावना का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबले में सीआर वॉरियर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार विकेट से जीत हासिल कर टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम कर ली।फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर सीआर वॉरियर के कप्तान ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी यूनिटी स्ट्राइकर्स की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 10 विकेट खोकर 131 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीआर वॉरियर की टीम ने ने 19.4 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 132 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### धूमधाम से मनेगा गुरु पूर्णिमा उत्सव

**हिसार।** खुशहाल जीवन का मार्ग प्रशस्त करने वाले ओशो ध्यान उपवन में 29 जुलाई के गुरु पूर्णिमा उत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके लिए पूरे उपवन को रंगीन लाइट्स व लड़ियों से सजाया गया है। ओशो ध्यान उपवन के संचालक स्वामी संजय व मां सांची ने बताया कि यह उत्सव सायं 6 बजे शुरू होगा और रात्रि 8 बजे तक जारी रहेगा। इस उत्सव में गुरु के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित करके उनकी अनुकंपा के लिए आभार व्यक्त किया जाएगा। इसके साथ ही ध्यान, संगीत और सत्संग के माध्यम से आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति करवाई जाएगी।

## जून में ही आरटीए ने वसूला 1 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना

# सड़क हादसों में कमी लाने के लिए सख्त कदम उठाने के दिए निर्देश

- ओवरलोडिंग और नियम तोड़ने वालों पर करें कार्रवाई
- ब्लैक स्पॉट्स और मॉडल रोड पर विशेष फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देती अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल। *फोटो: हरिभूमि*

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में एडीसी शालिनी चेतल ने सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सुरक्षा कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में वर्ष 2026 के जनवरी से जून तक जिले में हुई सड़क दुर्घटनाओं का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया गया और ब्लैक स्पॉट्स पर सुधारात्मक उपायों पर चर्चा की गई। बैठक में आरटीए सचिव संजय विश्नोई, सीएमओ डॉ. सपना गहलावत, डॉ. तरुण तथा ज्योति मित्तल सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### ट्रैफिक नियमों की अनदेखी पर सख्ती

बैठक में बताया गया कि हिसार पुलिस और आरटीए विभाग द्वारा नियम तोड़ने वालों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। जून माह में आरटीए हिसार ने ओवरलोडिंग और नियमों के उल्लंघन पर 342 चालान किए और कुल 1 करोड़ 46 हजार 800 रुपये का जुर्माना वसूला। हिसार पुलिस ने जून माह में कुल 16,229 चालान काटे। जून में बिना हेलमेट वाहन चलाने के 3,134, ट्रिपल राइडिंग के 1,196, बिना सीट बेल्ट के 168, रेड लाइट जंप के 15, ओवर स्पीड के 1,885, गलत पार्किंग के 2,622, गलत दिशा में वाहन चलाने के 1,205, नशे की हालत में वाहन चलाने के 275, लेन परिवर्तन एवं लेन उल्लंघन के 2,347 तथा अन्य श्रेणी के 3,382 चालान किए गए। मार्च से जून तक पुलिस की कार्रवाई में लगातार तेजी आई है। मार्च में कुल 10,333, अप्रैल में 9,946, मई में 13,751 तथा जून में बढ़कर 16,229 चालान किए गए।

### 6 माह में 95 लोगों ने हादसों में गंवाई जान

बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2026 के पहले छह महीनों के दौरान जिले में कुल 182 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें 82 घातक और 100 गैर-घातक हादसे शामिल हैं। इन हादसों में 95 लोगों की मृत्यु हुई, जबकि 480 व्यक्ति प्रभावित हुए। अकेले जून माह में ही 14 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को दुर्घटनाओं के कारणों का गहन विश्लेषण कर ठोस रोकथाम उपाय लागू करने के निर्देश दिए।

### विभागों को मॉडल रोड चयनित करने के निर्देश

एडीसी ने राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण, शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, हरियाणा स्टेट इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन तथा हरियाणा स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड को 1-1 मॉडल रोड चयनित करने और इसकी रिपोर्ट जल्द से जल्द देने की सख्त हिदायत दी। इसके साथ ही उन्होंने इन विभागों को अपने-अपने अधीन आने वाले विभिन्न सडक़ मार्गों का ऑडिट करवाने और ऑडिट करवाने के उपरांत पाई गई कमियों को दुरुस्त करने की भी हिदायत दी एडीसी ने विभाग अध्यक्षों को कहा कि विशेष कर उन सडक़ मार्गों का सेफ्टी ऑडिट प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाए जिनका डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड अगले 6 माह की अवधि में समाप्त होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे सडक़ मार्ग को चिन्हित कर इन्हें जल्द दुरुस्त करवाया जाए।

### स्कूल ज़ोन ट्रीटमेंट और जागरूकता पर जोर

एडीसी ने निर्देश दिए कि स्कूलों और कॉलेजों के आसपास पिक एंड ड्रॉप प्वाइंट्स पर जेब्रा क्रॉसिंग, साइनेज बोर्ड और ट्रैफिक मैनेजमेंट के विशेष प्रबंध किए जाएं, ताकि बच्चों के लिए कोई खतरा न रहे। इसकी हर महीने रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।



**हांसी।** रक्तदान करने वाले युवक को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करते एसडीएम राजेश खोथ। *फोटो: हरिभूमि*

# विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर लगा शिविर, 26 ने किया रक्तदान

- एसडीएम राजेश खोथ ने बैज लगाकर महादान करने वाले लोगों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर मंगलवार को विश्वास नशा मुक्ति केंद्र में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एसडीएम राजेश खोथ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों को बैज लगाकर सम्मानित किया तथा उनके इस मानवीय योगदान की सराहना की। शिविर में 26 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उपस्थित रक्तदाताओं एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए एसडीएम राजेश खोथ ने कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त किसी भी व्यक्ति की जिंदगी को बचाने का माध्यम बन सकता है। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों, ऑपरेशन एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर उपलब्ध रक्त किसी मरीज के लिए जीवनदान साबित होता है। इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डॉ. परमजीत, कविता मोर, सुशील मोर, डॉ. साहिल शर्मा, डॉ. अजय मलहोत्रा, सोशल वर्कर कुशल शर्मा, विश्वास नशा मुक्ति केंद्र के संचालक राम अवतार, संस्था के पदाधिकारी, रक्तदाता, गणमान्य नागरिक एवं अन्य उपस्थितजन मौजूद रहे। सभी ने रक्तदान एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया।

# गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार




**हिसार।** पौधरोपण करते संस्थान के शिक्षक व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में पर्यावरण संरक्षण और वृक्षों के महत्व के प्रति विद्यार्थियों एवं आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में संस्थान के प्राचार्य जगमोहन दुहन, मुकेश बंसल, तरुण कुमार, संजय कुमार, सोनू, राज कुमार आदि उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि जिस प्रकार मां जीवन को पोषण और सुरक्षा देती है, उसी प्रकार पेड़ भी हमें स्वच्छ वायु, छाया, फल और जीवन के लिए आवश्यक प्राकृतिक संसाधन प्रदान करते हैं। इस अवसर पर अपील की गई कि वे वर्तमान मानसून के मौसम में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं।

### बिजली बिल के फर्जी मैसेज से रहें सावधान

**हांसी।** बिजली बिल के नाम पर भेजे जा रहे फर्जी मैसेज और लिंक के जरिए साइबर ठगी के बढ़ते मामलों को देखते हुए हांसी पुलिस ने लोगों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि साइबर अपराधी लोगों को बिजली बिल बकाया होने का झूठा संदेश भेजकर उन्हें डराने और ठगी का शिकार बनाने का प्रयास कर रहे हैं। एसपी ने बताया कि ठग मोबाइल पर ऐसा मैसेज भेजते हैं जिसमें दावा किया जाता है कि बिजली बिल का भुगतान नहीं होने पर कनेक्शन काट दिया जाएगा। इसके साथ एक लिंक भी भेजा जाता है, जिस पर क्लिक कर तुरंत भुगतान करने के लिए कहा जाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे लिंक पर बिना जांच-पड़ताल के क्लिक करना भारी आर्थिक नुकसान का कारण बन सकता है।

# शैक्षणिक भ्रमण पर कैडेट्स ने सीखी आधुनिक डेयरी तकनीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी



**हांसी।** मिल्क प्लांट का भ्रमण करते स्कूली बच्चे। *फोटो: हरिभूमि*

आरपीएस सैनिक स्कूल की 6ठी एवं 7वीं कक्षा के 100 कैडेट्स के लिए जींद स्थित लक्ष्य मिल्क प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को अनुभवात्मक शिक्षण के माध्यम से डेयरी उद्योग की आधुनिक कार्यप्रणाली से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान कैडेट्स ने दूध की खरीद, प्रसंस्करण, पाश्चुरीकरण, गुणवत्ता परीक्षण, पैकेजिंग, भंडारण और वितरण की संपूर्ण प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। प्लांट के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को गुणवत्ता नियंत्रण उपायों, स्वच्छता मानकों तथा खाद्य सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही डेयरी उद्योग में उपयोग की जा रही अत्याधुनिक तकनीकों और स्वचालित मशीनों की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया।विद्यालय प्रबंधक संदीप देसवाल व विद्यालय प्राचार्या एकता सचदेवा ने बताया कि यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा। इससे कक्षा में पढ़ाए जाने वाले सैद्धांतिक विषयों को वास्तविक जीवन से जोड़ने में मदद मिली।

# चानौत धरना कमेटी ने बिजली निगम के चीफ से की मुलाकात

- गांव चानौत में शिकायत केंद्र खोलने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

चानौत गांव की धरना कमेटी ने बिजली निगम से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर बिजली निगम के चीफ इंजीनियर हरिदत्त शर्मा से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने गांव में शिकायत केंद्र न होने, ढीली पड़ी तारों को बदलने और सब-डिवीजन बदलने से होने वाली परेशानियों से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे पूर्व सरपंच सत्यवान दुहन और कुलबीर दुहन ने चीफ इंजीनियर को बताया कि चानौत गांव में बिजली निगम का कोई भी शिकायत केंद्र नहीं है। इसके कारण छोटा-सा फाल्ट आने पर भी ग्रामीणों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। इसके अलावा गांव में बिजली की पुरानी तारें बदलने का काम बेहद धीमी गति से चल रहा है। धरना कमेटी ने चीफ इंजीनियर के समक्ष मांग रखी कि चानौत, भाटला, मसूदपुर, सिंघवा राघो और कुलाना गांवों को सिसाय सब-डिवीजन से जोड़ने के बजाय पहले की तरह हांसी में ही रखा जाए। चीफ इंजीनियर हरिदत्त शर्मा ने धरना कमेटी के सामने ही हांसी के एक्सईएन को फोन कर दो दिन में शिकायत केंद्र खोलने का निर्देश दिया।

# खो-खो प्रतियोगिता में शाहपुर की छात्राओं ने जीता सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** प्रतियोगिता में जीत दर्ज करने के बाद स्कूल पहुंची छात्राएं। *फोटो: हरिभूमि*

गांव मसूदपुर में चल रही जिला स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में सीनियर सैकेंडरी स्कूल शाहपुर की छात्राओं ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मैडल जीता। छात्राओं की उपलब्धि पर स्कूल में खुशी का माहौल है। प्राचार्या डॉ. आदर्श चौधरी तथा युवा संगठन के पूर्व प्रधान रणधीर सिंह बैनीवाल ने बताया कि स्कूल की छात्राएं पिछले कई वर्षों खो-खो खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। खेल प्रशिक्षक अंग्रेज जाखड़ ने छात्राओं की इस उपलब्धि की सराहना की और भविष्य में छात्राओं द्वारा इसी प्रकार खेल क्षेत्र में नाम रोशन करने की कामना की। वही विजेता छात्राओं के स्कूल पहुंचने पर सरपंच रितु वर्मा और स्कूल स्टाफ सदस्यों ने सम्मान किया।

## न्यूज डायरी

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण

**आदमपुर।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भव्य पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आदमपुर मार्केट कमेटी के चेयरमैन ठाकरदत्त पंवार, वाइस चेयरपर्सन प्रतिनिधि राजेश गर्ग, सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन विनोद एलावादी तथा संस्थान के प्राचार्य डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से पौधरोपण कर किया। इस अवसर पर संस्थान परिसर में विभिन्न प्रजातियों के 250 से अधिक पौधे लगाए गए।

### भाटला, सिसाय व डाटा में पुलिस का सर्च अभियान

**हांसी।** जिले को नशा मुक्त बनाने के अभियान के तहत हांसी पुलिस ने सोमवार को गांव भाटला, सिसाय और डाटा में व्यापक संयुक्त सर्च अभियान चलाया। सीआईए-2 हांसी और डॉग स्क्वॉड टीम ने संवेदनशील क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थानों और संदिग्ध ठिकानों की गहन तलाशी लेकर नशे से जुड़ी अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने का प्रयास किया। अभियान का नेतृत्व सीआईए-2 में तैनात सहायक उप निरीक्षक सोमवीर ने किया। डॉग स्क्वॉड की सहायता से गांवों के विभिन्न संभावित ठिकानों की बारीकी से जांच की गई।

### भादू की प्रथम पुण्यतिथि पर होगा पौधरोपण

**हिसार।** जिले के गांव रावतखेड़ा निवासी दलीप सिंह भादू की प्रथम पुण्यतिथि 29 जुलाई को श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी। इस अवसर पर उनकी पावन स्मृति में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। बिश्नोई चेतना मंच के तहसील अध्यक्ष भादर सिंह बिश्नोई ने बताया कि स्वर्गीय श्री दलीप सिंह भादू का जीवन केवल एक व्यक्ति की जीवन-यात्रा नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायी विचारधारा का प्रतीक था। सादगी, सत्य, ईमानदारी और प्राकृतिक मूल्यों से ओत-प्रोत उनका व्यक्तित्व आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

### गुरु पूर्णिमा का हवन एवं धार्मिक कार्यक्रम आज

**हिसार।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर 29 जुलाई बुधवार को स्थानीय कैमरी रोड स्थित श्रीश्री 1008 ब्रह्मलीन श्री ओमानंद महाराज ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम में पूरी श्रद्धा के साथ कई धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया जाएगा। आश्रम के गद्दीनशीन महंत राजेश्वरानंद महाराज ने बताया कि 29 जुलाई को सुबह विद्वान ब्राह्मणों द्वारा सर्वमंगल कामना के लिए हवन-यज्ञ करवाया जाएगा। इसके बाद से गुरुपूजन का कार्यक्रम रहेगा। उसके उपरांत गुरु की महिमा को लेकर भव्य सत्संग का आयोजन रहेगा। साधु महात्माओं को वस्त्र इत्यादि भेंट किए जाएंगे।

### गुरु पूर्णिमा पर 'गुरु पूजा एवं दिव्य सत्संग' आज

**हिसार।** आर्ट ऑफ लिविंग हिसार परिवार द्वारा गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष पर 29 जुलाई को सायं आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस सेंटर, सेक्टर-14 में 'गुरु पूजा एवं दिव्य सत्संग' का आयोजन किया जाएगा। स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज कुमार गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु पूजा पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पारंपरिक गुरु पूजा से किया जाएगा। दिव्य सत्संग में डॉ उमेश आर्य एवं भारती मुंजाल भजनों से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध करेंगे।

### राजीव दीक्षित मंच ने पौधरोपण अभियान चलाया

**बरवाला।** राजीव दीक्षित मंच बरवाला के तत्वावधान में एक पेड एक जिंदगी अभियान के तहत पौधरोपण अभियान का शुभारम्भ किया गया है। संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने गुरुद्वारा हिन्द की चादर बरवाला में पौधे एकत्र करके धार्मिक स्थानों, विद्यालयों, धर्मशालाओं, पार्क व अन्य स्थानों पर पेड़ पौधे लगाने और लोगों को वितरित करने की मुहिम चलाई है। संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने पर्यावरण को हरा भरा रखने की अपील की।

**कवायद** नागरिकों के दिलों में स्वच्छता के प्रति प्रेम जगाना अभियान का उद्देश्य: एसडीएम

# पांच गांवों के सरपंच, ग्राम सचिव, सफाई कर्मी और प्रशासनिक अमले ने मिलकर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी



**हांसी।** गांव पुट्टी मंगल खां में सफाई अभियान के दौरान श्रमदान करते एसडीएम राजेश खोथ। *फोटो: हरिभूमि*

गांव पुट्टी मंगल खा में मंगलवार को एसडीएम राजेश खोथ के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों के मन में स्वच्छता के प्रति प्रेम, जिम्मेदारी और जनभागीदारी की भावना विकसित करना रहा, ताकि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम न रहकर प्रत्येक नागरिक की जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बन सके। अभियान के दौरान गांव की सार्वजनिक इमारतों, गलियों, रास्तों, चौपालों, नालियों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई करवाई गई। लंबे समय से जमा कचरे, झाड़ियों एवं गंदगी को हटाने के लिए जेसीबी मशीन तथा चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का उपयोग किया गया। पूरे अभियान के दौरान सफाई कार्य व्यवस्थित और योजनाबद्ध तरीके से किया गया, जिससे गांव के अनेक हिस्सों को स्वच्छ और साफ-सुथरा बनाया गया। इस विशेष अभियान में खंड विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी अभियान में बढ़-चढ़कर सहयोग दिया। सभी ने स्वयं सफाई कार्य में भाग लेकर यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का सामूहिक दायित्व है।

### ये रहे उपस्थित

अभियान के दौरान एसडीएम राजेश खोथ ने कहा कि नागरिकों के दिलों में स्वच्छता प्रेम जगाना ही इस अभियान का वास्तविक उद्देश्य है। इस अवसर पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अशोक कुमार, आस-पास के पांच गांवों के सरपंच, अनेक ग्राम सचिव, छह गांवों के सफाई कर्मी, विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 12 बोतल अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**नारनौंद।** पुलिस चौकी मिर्चपुर की टीम ने एक युवक को 12 बोतल अवैध देसी शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस चौकी मिर्चपुर प्रभारी उप निरीक्षक खेताराम ने बताया कि पुलिस टीम नियमित गश्त एवं अपराधों की रोकथाम के दौरान मिर्चपुर बस अड्डा क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि राजेश उर्फ राजू निवासी गांव कोथ कलां अवैध देसी शराब लेकर रामराय रोड से मिर्चपुर की ओर आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। कुछ देर बाद एक व्यक्ति अपने कंधे पर प्लास्टिक का कट्टा लेकर आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह वापस भागने लगा तो पुलिस टीम ने उसे तुरंत काबू कर लिया। कट्टे की तलाशी लेने पर उसमें से 12 बोतल देसी शराब बरामद हुई।

### चार वर्ष से फरार पीओ सिरसा से गिरफ्तार

**हिसार।** एंटी नारकोटिक्स सेल ने एनआईए एक्ट के एक मामले में पिछले चार वर्षों से फरार पीओ को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सिरसा जिले के फतेहपुर निवासी सोहन लाल वालिया के रूप में हुई है। एंटी नारकोटिक्स सेल के प्रभारी उप निरीक्षक इन्द्र सिंह गोदारा ने बताया कि आरोपी को वर्ष 2022 में अदालत ने पीओ घोषित किया गया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी लगातार अपना ठिकाना बदलकर अलग-अलग स्थानों पर रह रहा था। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना एवं तकनीकी सहायता के आधार पर आरोपी का पता लगाकर जिला सिरसा से उसे गिरफ्तार कर लिया।

### बाइक चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** शहर थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण कार्रवाई की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गांधी नगर मंगाली निवासी विनोद कुमार के रूप में हुई है। मामले में चोरी की गई मोटरसाइकिल पुलिस द्वारा पहले ही बरामद की जा चुकी है। शहर थाना प्रभारी निरीक्षक अमित ने बताया कि इस संबंध में सेक्टर-14 निवासी दिनेश ने अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत दी थी। शिकायत के आधार पर शहर थाना में केस दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान आरोपी की संलिप्तता सामने आने पर उसे प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया।

### साइबर ठगी के पीड़ित को सात हजार वापस मिले

**हिसार।** साइबर थाना टीम ने साइबर ठगी के पीड़ित को राहत दिलाते हुए सात हजार की ठगी गई राशि सफलतापूर्वक रिफंड करवाई है। साइबर थाना के उप निरीक्षक पीएसआई हरिओम ने बताया कि पीड़ित ने एनसीसीआरपी पोर्टल पर साइबर धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत प्राप्त होने के बाद साइबर थाना की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक एवं वित्तीय संस्थानों से समन्वय स्थापित किया। कानूनी प्रक्रिया अपनाने के उपरांत पीड़ित के सात हजार रुपये उसके बैंक खाते में वापस करवाए गए।

हकृवि में भारतीय शिक्षण मंडल के दो दिवसीय परिचायक वर्ग का समापन

# भारतीय ज्ञान परंपरा व आधुनिक शिक्षा के समन्वय से होगा राष्ट्र निर्माण: शंकरानंद

- तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमता व डिजिटल माध्यमों के कारण शिक्षा में हो रहा बदलाव :कंबोज

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



**हिसार।** कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. बीआर शंकरानंद। *फोटो: हरिभूमि*

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में भारतीय शिक्षण मंडल, हरियाणा प्रांत के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय परिचायक वर्ग कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में सिरसा, फतेहाबाद, हिसार एवं चरखी दादरी सहित विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों ने सहभागिता की। समापन समारोह में भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय संगठन मंत्री एवं समाजसेवी बीआर शंकरानंद मुख्य अतिथि रहे। विधायक रणधीर पनिहार, लुवास के कुलपति प्रो. विनोद वर्मा तथा एमवीएसयू के कुलपति प्रो. राजेंद्र कुमार अनायत विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि बीआर शंकरानंद ने कहा कि व्यक्ति निर्माण से कुटुंब निर्माण, कुटुंब निर्माण से समाज निर्माण और समाज निर्माण से राष्ट्र निर्माण संभव है। वर्तमान शिक्षा व्यवस्था को तनावपूर्ण बनाने के बजाय आनंदमय, जीवनोपयोगी एवं संस्कारपरक बनाने की आवश्यकता है। शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति के भीतर चरित्र, संवेदनशीलता, कर्तव्यबोध की भावना का विकास करना है।

### सरकार शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने को प्रयासरत : पनिहार

नलवा विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर पनिहार ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। कार्यक्रम में 'भारतीय शिक्षा दर्शन और शिक्षा में भारतीयता', 'कार्य, कार्यक्रम, गतिविधि तथा कार्य विभाग', 'छह उत्सव कार्यक्रम विकास', 'प्रत्यक्ष मंडल' तथा 'मुक्त चर्चा, जिज्ञासा समाधान एवं समापन' विषयों पर विभिन्न सत्र आयोजित किए गए।

### तकनीकी ज्ञान के साथ संस्कारों का विकास जरूरी

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल माध्यमों के कारण शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से परिवर्तन हो रहा है। ऐसे समय में तकनीकी ज्ञान के साथ मानवीय मूल्यों एवं संस्कारों का विकास भी जरूरी है। उन्हाने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन आत्मावलोकन करते हुए स्वयं से यह प्रश्न करना चाहिए कि आज उसने क्या सीखा, क्या सिखाया और समाज एवं राष्ट्र के लिए क्या योगदान दिया।



**हांसी।** घटनास्थल का निरीक्षण करती पुलिस *फोटो: हरिभूमि*

## निर्माणाधीन गोदाम में चोरी, हजारों रुपये का लोहा व मोटर ले उड़े चोर

- पुलिस प्रशासन से रात में गश्त बढ़ाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

चोरों ने जींद रोड स्थित निर्माणाधीन गोदाम से हजारों रुपये का लोहे का सामान और मोटर चोरी कर ली। घटना की सूचना मिलने पर अनाज मंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पंकज नागपाल कुंदनापुर रोड पर अपना गोदाम बनवा रहे हैं। निर्माण कार्य के लिए रखा गया लोहे का सामान और एक मोटर अज्ञात चोर रात के समय चोरी कर ले गए। सुबह जब मजदूर और परिजन मौके पर पहुंचे तो सामान गायब मिला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही अनाज मंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

### कार्रवाई की मांग

पंकज नागपाल के बेटे ने बताया कि कुंदनापुर रोड क्षेत्र में रात के समय बड़ी संख्या में नशेड़ी घूमते रहते हैं, जिससे आए दिन चोरी जैसी घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



**हिसार।** अतिक्रमण पर कार्रवाई करते निगम की टीम। *फोटो: हरिभूमि*

## निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, बाजारों से किया सामान जब्त

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को नगर निगम की टीम ने शुरुआत मलिक चौक से लेकर परिजात चौक तक अतिक्रमण हटाकर की। इसके बाद टीम ने रेलवे रोड़ से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इसके बाद पोस्ट ऑफिस के सामने और नागौरी गेट से लेकर गुलाब सिंह चौक और गुलाब सिंह चौक से लेकर गांधी चौक तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान गांधी चौक 2 से 3 दुकानदारों का दुकान की परिधि से बाहर रखा सामान जब्त किया। इसके बाद टीम ने आर्य बाजार, बालाजी मार्केट, राजगुरु मार्केट, बिश्नोई मंदिर मार्केट से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इसके बाद टीम ने तलाकी गेट से विश्वकर्मा धर्मशाला और तलाकी गेट से सिरसा चुंगी तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

## किसानों का विद्युत सदन में प्रदर्शन, 4 घंटे दिया धरना

- हाइटेंशन लाइन मुआवजे और ट्यूबवेल कनेक्शन को लेकर बढ़ी तकरार
- सीएम और केंद्रीय ऊर्जा मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



**हिसार।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन देते हुए किसान नेता। *फोटो: हरिभूमि*

भारतीय किसान यूनियन (एकता सिद्धूपुर) के बैनर तले मंगलवार को किसानों ने विद्युत नगर स्थित एचवीपीएनएल और डीएचबीवीएन कार्यालयों पर प्रदर्शन किया। आक्रोशित किसानों ने मुख्य गेट नंबर 4 पर करीब चार घंटे तक धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन एचवीपीएनएल और डीएचबीवीएन के डायरेक्टरों को सौंपे। धरने की अध्यक्षता वरिष्ठ किसान नेता सूरजभान ढाया ने की, जबकि मंच संचालन प्रदेश सचिव राजू सहरावत ने किया। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि जब तक बिजली की हाइटेंशन लाइनों का उचित मुआवजा किसानों के खातों में जमा नहीं किया जाता, तब तक क्षेत्र में हाइटेंशन लाइनों से जुड़ा कोई भी काम नहीं होने दिया जाएगा। प्रदर्शन में प्रदेश संयोजक होशियार गिल, प्रदेश महासचिव हर्षदीप सिंह, युवा प्रदेश अध्यक्ष जगबीर बेरवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष बलवान लोहान व शमशेर कुंडू, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक मलिक, हिसार जोन प्रधान दशरथ मलिक, हिसार जिला प्रधान सुशील बुरे व युवा प्रधान वीरेंद्र पूनिया, हांसी जिला प्रधान जगबीर मलिक, पानीपत जिला प्रधान शमशेर पूनिया, कैथल जिला प्रधान शेरा बेनीवाल, सोनीपत जिला प्रधान बेदी दहिया, फतेहाबाद जिला प्रधान जगतार सिंह, रोहतक जिला प्रधान देवेंद्र गहलावत आदि रहे।

### संगठन की प्रमुख मांगें

⏭29 अप्रैल का नोटिफिकेशन तुरंत वापस लिया जाए, किसानों के वैल्यूएटर का स्थान तय प्रक्रिया में सुनिश्चित किया जाए और शहर की सीमा से 15 किलोमीटर तक के गांवों को शहरी क्षेत्र मानकर तारों के नीचे आने वाली जमीन की मार्केट वैल्यू का 60 फीसद मुआवजा दिया जाए।

⏭लंबे समय से पेंडिंग पड़े ट्यूबवेल कनेक्शन तुरंत जारी किए जाएं। इसके अलावा, यदि किसी किसान का बोर खराब हो जाता है और वह अपने ही खेत में ट्यूबवेल शिफ्ट करता है, तो बिजली निगम द्वारा नया एस्टीमेट बनाकर की जाने वाली कथित अवैध वसूली को तुरंत बंद किया जाए।

⏭खरीफ फसलों के सीजन को देखते हुए कृषि क्षेत्र के लिए व्यवस्थित और पर्याप्त बिजली आपूर्ति की मांग की गई है। खेतों के लिए दिन के समय में कम से कम 10 घंटे निर्बाध बिजली दी जाए। यदि किसी फाल्ट या तकनीकी खराबी के कारण बिजली कटती है, तो बाद में उसकी भरपाई करके 10 घंटे का कोटा पूरा किया जाए।

⏭ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह बदहाल है। फाल्ट ठीक करने और व्यवस्था संभालने के लिए पर्याप्त कर्मचारी नहीं हैं। इसलिए गांवों में तुरंत पर्याप्त बिजली कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए।

### उच्च अधिकारियों के साथ बैठक का आश्वासन

किसानों के उग्र विरोध को देखते हुए एचवीपीएनएल और डीएचबीवीएन के अधिकारियों ने मोर्चा संभाला। अधिकारियों ने किसान प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि अगले एक सप्ताह के भीतर उनकी बैठक विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ कराई जाएगी, ताकि समस्याओं का समाधान निकाला जा सके।

## फील्ड में अधिकारी, जल निकासी के लिए मंथन शुरू

- सेशन जज के सख्त रुख के बाद जागी नगर पालिका और पब्लिक हेल्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद



**नारनौंद।** खांडा मोड़ पर निरीक्षण करते हुए पब्लिक हेल्थ के एसडीओ रणबीर सिंह व अन्य।

शहर में हल्की बारिश के बाद होने वाले जलभराव और राहगीरों की समस्याओं पर जिला सत्र न्यायाधीश अलका मलिक के कड़े संज्ञान के बाद स्थानीय प्रशासन हरकत में आ गया है। मंगलवार को नगर पालिका और पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारी जल निकासी के पुख्ता इंतजाम करने के लिए धरातल पर उतरे और मौका निरीक्षण किया।

### जलभराव से निपटने के लिए उठाए जाएंगे ये कदम

शहर में जल निकासी को सुचारू करने के लिए बुधवार से सभी बड़े नालों की सफाई का काम शुरू किया जाएगा। सड़क किनारे जमा होने वाले पानी की निकासी के लिए खांडा मोड़ पर एक नया चैंबर बनाया जाएगा, जिसे सीधे सीवर लाइन से जोड़ा जाएगा। कोर्ट परिसर के दूसरे गेट को ऊंचा उठाया जाएगा। इसके अलावा कोर्ट की क्षतिग्रस्त दीवार का पुनर्निर्माण कराया जाएगा, क्योंकि दीवार न होने के कारण सड़क का सारा पानी बहकर कोर्ट व उपमंडल परिसर में भर जाता है।

### न्यायाधीश के दौरे के बाद जागे अधिकारी

जलभराव की इस गंभीर समस्या को लेकर सोमवार को जिला सत्र न्यायाधीश अलका मलिक ने खुद प्रभावित इलाकों का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका और पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए स्थिति को तुरंत सुधारने के निर्देश दिए थे। न्यायाधीश के रुख को देखते हुए मंगलवार को नगर पालिका के एमई राजकुमार और पब्लिक हेल्थ विभाग के एसडीओ रणबीर सिंह कर्मचारियों की टीम के साथ खांडा मोड़ व कोर्ट परिसर पहुंचे। उन्होंने जलभराव के कारणों का जायजा लिया और स्थायी समाधान के लिए योजना तैयार की।

### निरीक्षण किया

*जलभराव की समस्या का निरीक्षण कर लिया गया है। खांडा मोड़ पर नया चैंबर बनाने और अन्य आवश्यक प्रबंध करने का काम जल्द शुरू किया जाएगा ताकि भविष्य में यहां पानी जमा न हो। -रणबीर सिंह, एसडीओ, पलिब्क हेल्थ विभाग।*

### हल्की बारिश ने खोली थी दावों की पोल

उल्लेखनीय है कि शनिवार को नारनौंद में हुई हल्की बारिश ने ही जल निकासी को लेकर सभी प्रशासनिक दावों की हवा निकाल दी थी। बारिश के कारण खांडा मोड़, उपमंडल परिसर और कोर्ट परिसर में भारी जलभराव हो गया था, जिससे आम लोगों का जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया था।

## श्री काली देवी विद्या मंदिर में दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**हांसी।** विश्व प्रकृति संरक्षण पर नाट्य प्रस्तुत करते नन्हे मुन्ने। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

श्री काली देवी विद्या मंदिर में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस बड़े उत्साह एवं पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ मनाया। मौके पर विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के बीच पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा_वितीय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत प्रकृति बचाओ विषयक प्रभावशाली नाटक से हुई। नन्हे विद्यार्थियों ने अपने अभिनय के माध्यम से उपस्थित सभी लोगों को प्रकृति की रक्षा के लिए प्रेरित किया। इसके बाद कक्षा तृतीय से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें पोस्टर मेकिंग, लीफ पेंटिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, सलाद एवं फ्रूट प्लेट सजावट, इको-फ्रेंडली पेपर बैग निर्माण, मॉडल मेकिंग, इको-जीनियस क्विज़, बर्ड फीडर निर्माण, कोलाज मेकिंग गतिविधियाँ प्रमुख रहीं। विद्यार्थियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए पर्यावरण संरक्षण से जुड़े प्रभावी संदेश प्रस्तुत किए।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर प्रशिक्षण आज

**हिसार।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को पूरी गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ लागू किया जाएगा। इस अभियान के सफल संचालन के लिए चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों का प्रशिक्षण अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई, बुधवार को सुबह लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में सभी एईआरओ, अतिरिक्त एईआरओ तथा मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों, दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण सहित पुनरीक्षण कार्य की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निर्धारित समय पर प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की पूरी जानकारी प्राप्त करें।

## पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी मामले में मुख्य आरोपी पकड़ा

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस ने वर्ष 2023 के मोटरसाइकिल चोरी के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कुरूक्षेत्र के सिरसाला रोड, मोहन नगर निवासी प्रमोद के रूप में हुई है। सिविल लाइन थाना प्रभारी पीएसआई कर्मजीत ने बताया कि 21 अगस्त 2023 को शिकायतकर्ता पटेल नगर निवासी सोनू मलिक ने जयहिंद पार्क से अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत दी थी। शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने झांसल निवासी राधेश्याम को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ के दौरान राधेश्याम ने खुलासा किया कि उसने चोरी की उक्त मोटरसाइकिल प्रमोद से पांच हजार में खरीदी थी। मामले की जांच के दौरान मुख्य सिपाही ममता ने कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रमोद को गिरफ्तार कर लिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

### नियमों की अनदेखी पर निगम ने किए 7 चालान

**हिसार।** शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम ने स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। निरीक्षण के दौरान एएसआई विजेता ने सेक्टर 14 में 2 दुकानदारों के द्वारा खुले में कचरा डालने पर 500-500 रूपये के चालान किए। वहीं रेड स्क्वेयर मार्केट के एक दुकानदार के द्वारा कचरा सेग्रीगेंशन न करने पर 200 रूपये का चालान किया। इसके अलावा पुरानी सब्जी मण्ड़ी रोड पर रेहड़ी संचालक के द्वारा खुले में कचरा डालने पर 500 रूपये का चालान किया। एएसआई सन्नी ने सेक्टर 27-28 में दुकान के कर्मचारी के द्वारा खुले में कचरा डालने पर 1000 रूपये का चालान किया। इसके अलावा सीटीएल प्रदीप जाखड़, तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुण्डू, आईईसी एक्सपर्ट हरिराम गुर्जर ने घोड़ा फार्म रोड पर दो दुकानदारों को सिंगल यूज पॉलीथिन का प्रयोग करते पाएं जाने पर 500-500 रूपये के चालान किए।



**हिसार।** ब्लॉक स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी।

## नेटबॉल प्रतियोगिता में होली चाइल्ड ने जीते तीन पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

- ब्लॉक स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

होली चाइल्ड स्कूल के खिलाड़ियों ने ब्लॉक स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग की टीमों ने एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अंडर-17 नेटबॉल टीम ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं अंडर -14 टीम ने द्वितीय स्थान हासिल कर रजत पदक जीता, जबकि अंडर-19 टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता। प्रबंध निदेशक आर. एस. सिंधु ने कहा कि खेल व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त आधार हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों कोआधुनिक खेल सुविधाएं और अनुभवी प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यालय के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी उपलब्धियां हासिल करेंगे।

## सरकारी स्कूलों में एआई की मिलेगी शिक्षा

- एक अगस्त से विद्यार्थियों को मिलेंगा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स का प्रशिक्षण
- पांचवी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम : डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी



**हांसी।** कंप्यूटर टीचर्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक की जानकारी प्रदान करते एआई विशेषज्ञ। *फोटो: हरिभूमि*

जिला प्रशासन आगामी एक अगस्त से जिला के सरकारी विद्यालयों में पांचवी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़े विभिन्न टूल्स एवं तकनीकों की जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में तकनीकी दक्षता विकसित करना तथा डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि जिला प्रशासन शिक्षा विभाग के सहयोग से एआई आधारित शिक्षा को विद्यालय स्तर पर लागू करने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि जिन सरकारी विद्यालयों में वर्तमान में कंप्यूटर लैब उपलब्ध हैं, वहां के अध्यापकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षित शिक्षक पिछले एक माह से इन दिनों विभिन्न एआई टूल्स का व्यावहारिक अभ्यास कर रहे हैं, ताकि वे विद्यार्थियों को सरल एवं प्रभावी तरीके से इन आधुनिक तकनीकों की जानकारी दे सकें।

### तकनीकी ज्ञान भी होगा मजबूत

उन्होंने बताया कि एक अगस्त से प्रशिक्षित अध्यापक अपने-अपने विद्यालयों में विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स, उनके उपयोग, शिक्षा में उनकी भूमिका तथा दैनिक जीवन में उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बारे में जानकारी देना प्रारंभ करेंगे। इससे विद्यार्थियों में नई तकनीकों के प्रति रुचि बढ़ेगी और उनका तकनीकी ज्ञान भी मजबूत होगा।